**e-Mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**स0सं0:– 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 (खण्ड)**..........1957..........

प्रेषक,

**सुहर्ष भगत,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

सेवा में,

**बन्दोबस्त पदाधिकारी**
शेखपुरा/अरवल/शिवहर/जहानाबाद/लखीसराय/मुंगेर।

पटना, दिनांक :– 11/06/2026

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यों के अनुश्रवण हेतु भाड़े पर वाहन रखे जानें के संबंध में।

प्रसंग :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक–13280 दिनांक–09.08.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–13280 दिनांक–09.08.2024 के आलोक में प्रत्येक बन्दोबस्त कार्यालयों में बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं कार्यालय के लिए 01–01 वाहन रखे जाने का निदेश संसूचित है।

वर्त्तमान में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अधिसूचना सं– 840(3)/रा0, 841(3)/रा0 एवं 842(3)/रा0 दिनांक 03.06.2026 के द्वारा क्रमशः राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष, अंचल अधिकारी एवं समकक्ष तथा अनुमंडल राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष पद के पदाधिकारियों को आपके जिला में पदस्थापन/प्रतिनियुक्त किया गया है। पदस्थापित किये गये उक्त पदाधिकारियों से अधिनियम /नियमावली एवं तकनीकी मार्गदर्शिका के अनुरूप कार्य संपादित कराये जाने हेतु उनके कर्त्तव्यों/दायित्वों को निदेशालय द्वारा स्पष्ट किया गया है।

अतः उपरोक्त परिपेक्ष्य में आपके जिलों में पदाधिकारियों के पदस्थापन को देखते हुए पूर्व से रखे गये 02 वाहनों के अतिरिक्त 01 अन्य वाहन भाड़े पर नियमानुकूल प्रक्रिया का पालन करते हुए रखा जाय। इन 03 वाहनों में 01 वाहन बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं 02 वाहन बन्दोबस्त कार्यालय के साथ–साथ शिविरों कार्यालयों के भ्रमण एवं जाँच हेतु चिन्हित किया जाता है। अगर जिला स्तर पर पदाधिकारियों के उपयोग हेतु पूर्व से जिला स्तर से निर्धारित दर पर भाड़े पर वाहन रखा गया है तो उस दर पर भी वाहन रखा जा सकता है।

उपरोक्त भाड़े के वाहन पर होने वाले व्यय का भार विपत्र कोड– 40–2029001020101 ईकाई कोड 13 10 से विकलनीय होगा।

विश्वासभाजन

10/06/26
(सुहर्ष भगत)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 (खण्ड)**..........1957..........**पटना, दिनांक**..........11/06/2026

**प्रतिलिपिः–** संबंधित जिला के प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/06/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2026\Mayur\Director\file no 13 2024 Khand 08.06.2026.doc

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 (खण्ड)**........1957........**पटना, दिनांक**....11/06/2026....

**प्रतिलिपि :** विशेष कार्य पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी, स्थापना एवं बजट शाखा/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/06/26

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 (खण्ड)**........1957........**पटना, दिनांक**....11/06/2026....

**प्रतिलिपि :** सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

10/06/26

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024 (खण्ड)**........1957........**पटना, दिनांक**....11/06/2026....

**प्रतिलिपिः–** प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10/06/26

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप